अनुलग्नक I

सीपी और एनसीडी के जारीकर्ताओं द्वारा प्रस्ताव दस्तावेज़ में न्यूनतम प्रकटीकरण

i. प्रस्ताव पत्र की तारीख की स्थिति के अनुसार बकाया सीपी, एनसीडी और अन्य कर्ज लिखतों का विवरण, जिसमें जारी की गई राशि, परिपक्वता तिथि, बकाया राशि, क्रेडिट रेटिंग और निर्गम के लिए क्रेडिट रेटिंग एजेंसी का नाम, आईपीए और डिबेंचर ट्रस्टी का नाम शामिल है।

ii. अद्यतन तुलन पत्र के अनुसार जारीकर्ता की निवल मालियत।

iii. जारीकर्ता के प्रवर्तकों की शेयरधारिता और प्रवर्तकों द्वारा गिरवी रखे गए शेयरों, यदि कोई हो, का विवरण।

iv. जारीकर्ता द्वारा प्राप्त दीर्घकालिक क्रेडिट रेटिंग, यदि कोई हो।

v. जारीकर्ता को प्रदत्त अस्वीकार्य क्रेडिट रेटिंग, यदि कोई हो।

vi. पिछले तीन वर्षों की लेखापरीक्षित वित्तीय स्थिति, जारीकर्ता से संबंधित महत्वपूर्ण वाद और विनियामक कार्रवाइयों का सारांश। यदि जारीकर्ता तीन वर्षों से अस्तित्व में नहीं है, तो ऐसी अवधि तक जारीकर्ता की जानकारी का प्रकटीकरण किया जाएगा, जिस अवधि तक ऐसी सूचना उपलब्ध है।

vii. कोई भी महत्वपूर्ण घटना/गतिविधि जिसका वित्तीय स्थिति /क्रेडिट गुणवत्ता पर प्रभाव पड़ता है जिसके परिणामस्वरूप वास्तविक देनदारियां होती हैं, कॉर्पोरेट पुनर्गठन घटना जो निर्गम को या सीपी/एनसीडी में निवेश करने के निवेशक के निर्णय को प्रभावित कर सकती है।

viii. समूह संस्था द्वारा प्रदान की गई बैकस्टॉप सुविधाओं सहित क्रेडिट वृद्धि के सभी विवरण जिसमें अग्रलिखित शामिल हैं परंतु यह इन तक सीमित नहीं है (क) गारंटर की निवल मालियत, (ख) उन कंपनियों के नाम, जिनके लिए गारंटर ने समान गारंटियां जारी की हैं, (ग) गारंटर द्वारा दी गई गारंटियों की सीमा और (घ) वे शर्तें जिनके तहत गारंटी लागू की जाएगी, आदि।

ix. चालू वित्तीय वर्ष सहित पिछले पांच वित्तीय वर्षों में जारी किए गए कॉर्पोरेट गारंटी सहित सीपी, एनसीडी या किसी अन्य कर्ज लिखत और अन्य वित्तीय ऋणग्रस्तता की चूक का विवरण।

x. पिछले तीन वित्तीय वर्षों में सांविधिक लेखा परीक्षक और उनमें हुए परिवर्तनों का विवरण।

xi. राशि, निर्गम के लिए वर्तमान क्रेडिट रेटिंग, क्रेडिट रेटिंग एजेंसी का नाम, इसकी वैधता अवधि और आईपीए और डिबेंचर ट्रस्टी सहित वर्तमान ट्रैन्च का विवरण

xii. निधियों के अंतिम उपयोग का विशिष्ट विवरण।

xiii. एक जारीकर्ता जो या तो एक एनबीएफसी या एचएफसी है, उसे निम्नलिखित प्रारूप में अपनी परिसंपत्तियों और देनदारियों की अवशिष्ट परिपक्वता प्रोफ़ाइल को प्रकट करना होगा:

श्रेणी	30/31 दिन तक	>1 माह - 2 माह	>2 माह - 3 माह	>3 माह - 6 माह	>6 माह -1 वर्ष	>1 वर्ष - 3 वर्ष	>3 वर्ष -5 वर्ष	>5 वर्ष	कुल
जमा									
अग्रिम									
निवेश									
उधार									
विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियाँ (एफसीए)									
विदेशी मुद्रा देनदारियाँ (एफसीएल)									